प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हरदोई में 650 करोड़ रुपए की 729 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं एक भारत–श्रेष्ठ भारत के दर्शन।**
2. **लखनऊ के लोक बंधु अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच के लिये उच्च स्तरीय कमेटी गठित : अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं हुईं बहाल।**
3. **प्रदेश में 16 और 17 अप्रैल को 52 परीक्षा केंद्रों पर होगी सहायक आचार्य पद की लिखित परीक्षा : नकलविहीन परीक्षा कराने के लिये किये गये पुख्ता इंतजाम।**
4. **अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में कलश स्थापना के बाद आज किया गया तुलसीदास की प्रतिमा का लोकार्पण : तीस अप्रैल को होगी श्रीराम दरबार की स्थापना। और**
5. **प्रदेश में आज अलग–अलग हादसों में 11 लोगों की मौतः 8 लोग हुए घायल।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हरदोई में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा नरपति सिंह की स्मृति में आयोजित विजयोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने 650 करोड़ रुपए की 729 विकास परियोजनाओं का**

लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत ने दुनिया पर एक महाशक्ति के रूप में अपनी छाप छाड़ी है। बाइट.....

*आज बदलते हुए भारत को हम सबने देखा है। एक नया भारत प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज हम सबको दिखाई देता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन हो रहे हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत इसलिए क्योंकि पिछले दस वर्ष में भारत दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। आपने देखा होगा भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नए वक्फ कानून का ज़िक्र करते हुए कहा कि इस कानून से गरीबों की जमीनों को भूमाफिया के कब्ज़ो से मुक्त कराया जा सकेगा। बाइट.....

*हम आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी जी के और गृहमंत्री अमित शाह जी के जिन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम को पारित करके गरीबों की जमीनों पर और सार्वजनिक जमीनों पर पड़ने वाली डकैती पर लगाम लगाने का काम इस संशोधन अधिनियम में है। के माध्यम से पारित किया है। अब ये जमीन जो वापस आएगी इसमें हॉस्पिटल बनेंगे। इनमें गरीबों के लिए मकान बनेंगे। हाई राइज बिल्डिंग बनेगी। यहां पर स्कूल बनेंगे, विश्वविद्यालय बनेंगे, निवेश के लिए लैंड बैंक बनेगा।*

————————

प्रदेश सरकार ने लखनऊ के लोक बंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में आग लगने की घटना के कारणों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि अस्पताल के कर्मचारियों और आपातकालीन

सवाओं की त्वरित प्रतिक्रिया से बड़ी घटना टल गई।

बाइट.....

*घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है और जैसे ही रिपोर्ट आएगी तो उसके बाद हम उसको सार्वजनिक करेंगे। डेढ़ माह पूर्व भी मार्क ड्रिल किया गया था और सेफ्टी आइडेंटि फायर कराया गया था, उसकी वजह से सारे स्टाफ ट्रेन्ड था, जिससे कोई बड़ी घटना होने से बच गई।*

इससे पहले आज सुबह से ही अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं बहाल कर दी गई। गौरतलब है कि कल शाम  लोकबंधु अस्पताल की दूसरी मंज़िल पर आग लग गई थी। इस दौरान गंभीर रूप से बीमार मरीजों के साथ ही करीब दो सौ से अधिक मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालकर दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया था।

————————

प्रदेश में सहायक आचार्य पद की लिखित परीक्षा 16 और 17 अप्रैल को दो पालियों में आगरा, मेरठ, प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी के 52 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं। परीक्षा में कुल 82 हजार 876 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

————————

प्रदेश सरकार कल से 'बाल वाटिका अभियान' की शुरुआत करने जा रही है। 29 अप्रैल तक चलने वाले इस

अभियान का उद्देश्य प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल वाटिका के रूप में विकसित कर पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाना है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*बाल वाटिका अभियान' के तहत 3–6 वर्ष के बच्चों को बाल वाटिका भेजने के लिए माता–पिता और समुदाय को प्रेरित किया जाएगा, और 5–6 वर्ष के बच्चों को स्कूल की कक्षा–1 के लिए तैयार किया जाएगा।। सुनहरी शुरुआत बाल वाटिका के साथ नाम से शुरू होने वाले इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रारंभिक बाल्यावस्था में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए को–लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल वाटिका कक्षा घोषित किया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वेव्स शिखर सम्मेलन के तहत आयोजित कम्यूनिटी रेडियो कंटेंट चलेंज प्रतियोगिता के सेमिफाइनल में आगरा के डॉ भीमराव अम्बेडकर विश्विद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन आगरा की आवाज़ ने जगह बना ली है। विश्वविद्यालय की जनसम्पर्क अधिकारी पूजा सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता में देश भर के 300 रेडियो स्टेशनों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से बीस को सेमिफाइनल में जगह मिली है। 1 से 4 मई तक मुबंई में आयोजित होने वाले वेव्स शिखर सम्मेलन में शीर्ष 5 प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए जाएंगे।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थापित संत तुलसीदास की प्रतिमा का आज विधिवत पूजन और लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इससे पहले कल श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर पूर विधि विधान के साथ कलश स्थापित किया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि श्रीरामलला के दर्शन के लिए आने वाले सभी भक्त संत तुलसीदास की प्रतिमा के दर्शन भी कर सकेंगे। बाइट.....

*राम जन्म भूमि मंदिर का परिसर अपनी पूर्णता की ओर जा रहा है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती के पवित्र दिन हमने मुख्य मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना कर दी। ये पूर्णता का ध्यान दिलाता है। अब मंदिर पर ध्वज दंड स्थापित होगा। आज यात्री सुविधा केंद्र का पूर्वी*

*दिशा प्रवेश द्वार के प्रांगण में संत तुलसीदास जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया है। राम जन्म भूमि मंदिर का दर्शन करने के लिए वर्ष भर में जो भी भक्त आएगा वो तुलसीदास जी के दर्शन करेगा।*

**ट्रस्ट के अनुसार आगामी तीस अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन श्रीराम दरबार की स्थापना की जाएगी और जून में सभी विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा होगी।**

———————

**वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कल से शुरू हो गए हैं। तीर्थयात्री श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की वेबसाइट जेकेएसएएसबी डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से बावन दिवसीय आगामी यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। एक रिपोर्ट.....**

*पंजीकरण देश भर में 540 से अधिक अधिकृत बैंक शाखाओं और पंचायत भवन, वैष्णवी धाम और महाजन हॉल जैसे निर्दिष्ट केंद्रों पर भी कराया जा सकता है। सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। प्रत्येक तीर्थयात्री के लिए पंजीकरण शुल्क 220 रुपये है। सभी तीर्थयात्रियों के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन या आरएफआईडी कार्ड अनिवार्य है। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम टैंक और गंदेरबल जिले के बालटाल मार्ग से शुरू होगी। यह यात्रा नौ अगस्त को रक्षा बंधन के अवसर पर समाप्त होगी। जम्मू से गुलशन रैना की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अभिषेक कपिल।*

———————

**प्रदेश में आज अलग—अलग हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई। बहराइच में आज तेज रफ्तार बस की ऑटो से हुई टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ से**

अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। वहीं कानपुर नगर में एक कार और बस की टक्कर में कार चालक समेत कार में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। हाथरस कोतवली क्षेत्र में आज सुबह एक तेज़ रफ्तार कार और बाइक की टक्कर में नौसेना में तैनात एक जवान समेत तीन लोगों की मौत हो गई ह। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को इलाज के लिए अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है।

————————

आईपीएल 2025 के 31वें मुकाबले में आज पंजाब किंग्स की भिड़ंत कोलकाता नाइट राइडर्स से हो रही है। यह मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हो रहा है।

————————

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में 17 से 19 अप्रैल तक गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 4 दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

(समाप्त)